राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

क्रमांकः प.14(87)RSSB/अर्थना/DLB/भर्ती/2021/161 दिनांकः– 02.02.2022

–:: कार्यालय आदेश ::–

सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा–2021

बोर्ड द्वारा स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान के लिये सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं फायरमैन के पदो पर भर्ती हेतु दिनांक 10.08.2021 को विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त पदों पर बोर्ड द्वारा दिनांक 29.01.2022 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है। इस भर्ती में ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने हेतु दिनांक 05.02.2022 से दिनांक 14.02.2022 को 23.59 बजे तक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, जन्मतिथि, लिंग, एवं वैवाहिक स्थिति यथा विधवा आदि में निर्धारित रूपये 300/– का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। आवेदक स्वंय के नाम, माता/पिता के नाम, पते, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन नही कर सकेंगे। आवेदक के नाम, आवेदक के माता/पिता के नाम, पते, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा ऑनलाईन आवेदन में संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार नही किया जावेगा।

सचिव